पुस्तकालय

सत्यमेव जयते

3145
31/3/11
(1)

असंशोधित

1 8 MAR 2011

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
पी०स०प्रे०सं० 312 तिथि 31-3-11

## कार्यस्थगन प्रस्ताव

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, श्री तौसिफ आलम, माननीय सदस्य एवं अन्य चार माननीय सदस्यों से कार्यस्थगन-प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिसे बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-१७२(३) के तहत अमान्य किया जाता है ।

अब शून्य-काल लिये जायेंगे ।

## शून्य-काल

डॉ० फैयाज अहमद : खिरमा(दरभंगा) एन०एच०-१०५ से असराहा होते हुए धजवा (बिस्फी,मधुबनी) से बेनीपट्टी तक की सड़क जो दो जिला एवं तीन विधान सभा क्षेत्रों को जोड़ती है, काफी जर्जर है, जिसमें २ किलोमीटर कच्ची है ।

अतः उक्त महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण हेतु मैं सरकार से मांग करता हूँ ।

श्री जनक सिंह : अध्यक्ष महोदय, सारण जिला के तरैया, इसुआपुर एवं पानापुर प्रखंडों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कराये जा रहे सेतु एवं सड़कों का निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं है एवं अनेकों सेतु एवं सड़कों का कार्य समाप्ति की तिथि तक अपूर्ण है।

मैं सरकार से जांच की मांग करता हूँ ।

श्री राज कुमार राय : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिलान्र्तत हसनपुर एवं बिथान प्रखंड के ग्राम-भटवन, वलहपुर, सखवा, भिखनौलिया, लरझा, सिरसिया, सलहा तथा चिरौहना के विस्थापितों को १८ वर्ष पूर्व का मुआवजा नहीं मिला है, विस्थापितों में आक्रोश है ।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से उपरोक्त गांवों के विस्थापितों की मुआवजा की मांग करता हूँ ।

श्री जवाहर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, महान होली के पूर्व को देखते हुए पूरे बिहार में बिजली की आपूर्त्ति सुनिश्चित कराने की मांग शून्य-काल के माध्यम से करता हूँ ।

श्री कुमार शैलेन्द्र : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर एवं नर्स को रहने के लिए न भवन है और न ही अस्पताल की चहारदिवारी है, फलस्वरूप डाक्टर एवं नर्स स्थायी रूप से नहीं रहते हैं ।

अतएव भवन एवं चहारदिवारी बनाने की मांग करता हूँ ।

श्री राजेश्वर राज : अध्यक्ष महोदय रोहतास जिला के उग्रवाद प्रभावित नगर पंचायत, विक्रमगंज गंदी बस्ती में नारकीय जीवन जीनेवाले महादलित बहुल आबादी लगभग पच्चास हजार है।

अतः जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन योजनान्तर्गत आवास निर्माण एवं गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकास की मांग करता हूँ ।

श्री प्रदीप कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, नवादा जिलान्तर्गत वन्दीशंकर महिला महाविद्यालय वारिसलीगंज में प्रभारी प्राचार्य द्वारा फरवरी, २०११ में जालजासी करके क्षेत्र के ग्रामीण जनता से लाखों रूपये घुस लेकर महाविद्यालय में लिपिक एवं अनुसेवक के पद पर अवैध रूप से नियुक्त किया गया है ।

अतः उक्त प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करता हूँ ।

श्री अरुण शंकर प्रसाद : मधुबनी जिला के साहरघाट थाना के विशनपुर गांव में दस वर्षीय लड़की अंकिता के साथ दिनांक १-३-२०११ की रात्रि में अज्ञात अपराधियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर हालत में इलाजरत है। अतः अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करता हूँ ।

श्री सबा जफर : पूर्णिया जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के बनगामा गांव, छतरभाग, हाड़गादी गांव में १६-३-११ के भीषण आगे से तीस घर जल कर खराब हो गए। काफी जानमाल की क्षति हुई है, स्थानीय प्रशासन मूक है। जनहित में यथाशीघ्र मुआवजा एवं राहत दिलायी जाय।

डा० इजहार अहमद : सदरे मोहतरम, दरभंगा जिले के बिरौल गोदाम प्रबंधक द्वारा जनवरी-मार्च महीने का खाद्यान्न उठाव नहीं होने से अनुमंडल के ९३,१३० बीपीएल एवं १९८८३ अन्त्योदय परिवार होली पर्व में खाद्यान्न नहीं मिलने से महरुम हो गए हैं। सरकार अविलम्ब गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई कर होली से पूर्व गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध करायें।

श्री रामायण मांझी : सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के ग्राम डुमर हरखूर्द के १४ घर अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़ी जाति २००७-०८ में घर जल कर राख हो गया है। ये बी०पी०एल० परिवार से आते हैं। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इन गरीबों का इन्दिरा आवास निर्माण कराया जाय।

श्री विनोद प्रसाद यादव : गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी, डोभी, आमस, इमामगंज, डुमरिया एवं बांके बाजार प्रखण्ड अंतर्गत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण में १६ एवं २५ के०वी०ए० के जले ट्रांसफार्मर एवं बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के ६३ एवं १०० के०वी०ए० के जले ट्रांसफार्मर को अविलम्ब बदलने की मांग करता हूँ।

श्रीमती रंजु गीता : सीतामढ़ी जिलान्तर्गत अघवारा नदी का तटबंध वर्ष २००४ की बाढ़ में वांया तटबंध ११वें, ४०.२०, ४१.२० एवं दायां तटबंध ४१.२० कि०मी० पर निर्मित स्लुईस गेट सहित तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद आज तक मरम्मति नहीं होने से आम लोगों की कठिनाई बढ़ गई है। शीघ्र मरम्मती करायी जाय।

डा० दाउद अली : बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखंड ग्राम महरौरा के महादलित एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के ग्रामीणों को आजादी के बाद १६-३-२०११ तक पंचायत/नगर निकाय चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने का मौका नहीं मिला है। राज्यहित में वर्तमान पंचायत चुनाव में उन्हें मताधिकार का अधिकार प्रदान की जाय।

श्री दुर्गा प्रसाद सिंह : समस्तीपुर, उजियारपुर प्रखंड के गांवपुर गांव में १७ मार्च को पांच पशुओं की मृत्यु डेढ़ घंटे के अंदर अज्ञात रोग से होने के कारण पशुपालक परेशान हैं। बुखार, खाना बन्द एवं नाक-मुंह या अन्य अंग से खून बहने के साथ ही मृत्यु हो जाती है। रोग से बचाव हो।

(व्यवधान)

श्री श्रवण कुमार : अध्यक्ष महोदय, गया जिलान्तर्गत डुमरिया थाना के बोधिविगहा गांव के जनार्दन राय के घर को माओवादियों के द्वारा १७-३-११ को डायनामाईट लगाकर उड़ा दिया गया, हाथ पैर तोड़ दिया गया और पी०एम०सी०एच० में भर्ती है,

श्री धनराज शर्मा, ग्राम कोचिया, थाना एवं प्रखंड -इमामगंज की पूरी संपत्ति को जप्त कर लिया गया, ६ सितम्बर २०१० को संजय प्रसाद, ग्राम- सिहैया, थाना-प्रखंड-डुमरिया, ९ नवम्बर २०१० को अमरेन्द्र प्रसाद, ग्राम- बड़वाडीह, थाना-प्रखंड-डुमरिया की हत्या माओवादियों के द्वारा कर दी गयी और उनकी संपत्ति भी जप्त कर ली गयी। महोदय मैं सरकार से पीड़ितों का इलाज एवं सुरक्षा तथा मृतक के परिवारों को १५ लाख रुपये मुआवजे की मांग करता हूँ। यह बहुत गंभीर मामला है और लगातार वहां पर माओवादी जिस तरीके से हत्या कर रहे हैं, संपत्ति को नष्ट कर रहे हैं, मकानों को उड़ा रहे हैं, इसपर सरकार को गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए।

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, माननीय मुख्य सचेतक जिस प्रश्न को उठा रहे हैं दरअसल यह प्रश्न कल उस सदन में भी उठा था और हमने कल ही सीनियर एस०पी० से घटना के बारे में प्रतिवेदन भी मंगाया है और प्रतिवेदन के हिसाब से यह बात सही है जैसा माननीय सदस्य बता रहे हैं कि परसों रात में १२ बजे करीब काफी संख्या में उग्रवादियों ने एक श्री जनार्दन राय है, उनके घर पर और जनार्दन राय जी का घर एक माननीय सदस्य विधान परिषद के हैं, श्री अनुज कुमार सिंह जी उनके घर के बगल में ही उनका घर है। श्री जनार्दन राय के घर पर हमला किया, उनके सारे सामान लूट लिए हैं उनको भी बुरी तरीके से मारा पीटा है, वह भी घायल हैं, वे माननीय सदस्य श्री अनुज जी के घर पर भी हमला करके उनके आगे सोलर लाईट लगी हुई थी, उसको क्षतिग्रस्त करके सामान लूट कर ले गए हैं। सरकार ने इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया है और वहाँ पर छापामारी वगैरह की कार्रवाई जारी है और जहाँ तक माननीय सदस्य ने जो घायल हुए हैं उनको मुआवजा देने की बात कही है, हमने कल ही शाम में सरकार की तरफ से जिलाधिकारी गया को यह निर्देशित कर दिया है कि जो भी वहाँ घायल हुए हैं उग्रवादी घटना में उनको जो अनुमान्य मुआवजे की राशि है, उनको दी जायेगी और बाकी भी एहतियाती कार्रवाई कर रहे हैं।

अध्यक्ष : मृतक के बारे में जो देय मुआवजा है ?

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : मृतक के बारे में भी जो देय मुआवजा की राशि है, वह सरकार निश्चित रुप से देगी।

श्री अब्दुल बारी सिद्दकी :अध्यक्ष महोदय, राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के लगभग ढाई लाख शिक्षकों को विगत ५ माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके और उनके परिवार का होली के रंग में भंग हो गया है, होली जो हैं मुहर्रम में बदल गयी है, सरकार चूंकि है, पूरा पैसा आप नहीं दे सकते हैं तो कम से कम उनकी होली त्योहार ठीक से कट जाय, आज ही कुछ एडवांस देने का सरकार निर्णय ले, इसकी तरफ मैं सरकार से अनुरोध करुंगा कि एक वक्तव्य दे दे। ढाई लाख टीचरों को होली के अवसर पर पे नहीं मिलने के कारण आक्रोशित हैं, वे हड़ताल पर भी जाने वाले हैं तो इसको गंभीरता से सरकार ले।

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : माननीय नेता प्रतिपक्ष इस प्रश्न को उठा रहे हैं तो सरकार गंभीरता से लेगी।

अध्यक्ष : अब शून्य काल समाप्त हुआ ध्यानाकर्षण लिया जायेगा।